# कार्यपत्र-19

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) किस वाक्य में रेखांकित पदबंध विशेषण पदबंध है?

(iv) मधुर गीत गाने वाली लड़की कौन है? ✓

(ख) काला घोड़ा बहुत तेज दौड़ता है।– रेखांकित पदबंध का भेद बताइए।

(iii) क्रियाविशेषण पदबंध ✓

(ग) तकदीर का मारा मैं वहाँ जा पहुँचा।– रेखांकित पदबंध का भेद बताइए।

(ii) सर्वनाम पदबंध ✓

(घ) नानी अच्छी कहानी सुनाती रहती हैं।– वाक्य में से क्रिया पदबंध छाँटिए।

(ii) सुनाती रहती हैं ✓

(ङ) पैदल चलने वाला वह कौन है?– रेखांकित पदबंध का भेद बताइए।

(i) विशेषण पदबंध ✓

(च) बालकनी में खड़ा आदमी नीचे गिर गया।– रेखांकित वाक्यांश में कौन-सा पदबंध है?

(iii) संज्ञा पदबंध ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) वाक्य में प्रयुक्त शब्द पद कहलाता है और वाक्य में प्रयुक्त पदों के समूह को पदबंध कहते हैं।

(ख) पदबंध के पाँच भेद हैं–

1. संज्ञा पदबंध– नृत्य करने वाली लड़की कौन है?
2. सर्वनाम पदबंध – सदा हँसते रहने वाला वह चुप क्यों है?
3. विशेषण पदबंध – काले बालों वाले लड़के को बुलाओ।
4. क्रिया पदबंध – भिखारी भीख माँगता हुआ जा रहा है।
5. क्रियाविशेषण पदबंध – वह धीरे-धीरे बात करते हुए जा रहा था।

**3. रेखांकित पदबंधों के भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) नीले रंग का परदा लटक रहा है। | क्रिया पदबंध |
| (ख) हाथ में लगी चोट जल्दी ठीक नहीं होगी। | संज्ञा पदबंध |
| (ग) वह सुबह से शाम तक सोता रहा। | क्रियाविशेषण पदबंध |
| (घ) मछली तालाब में तैर रही है। | क्रिया पदबंध |
| (ङ) मौत से जूझने वाला वह मेरा भाई है। | सर्वनाम पदबंध |
| (च) झूठ बोलने वाला लड़का कौन है? | विशेषण पदबंध |
| (छ) यहाँ से वहाँ तक ज़मीन मेरे चाचा की है। | क्रियाविशेषण पदबंध |
| (ज) कोने में बैठी लड़की रो रही है। | विशेषण पदबंध |

**4. मिलान कीजिए।**

| | |
|---|---|
| (क) सच बोलने वाला लड़का कौन है? | (i) क्रियाविशेषण पदबंध |
| (ख) बाहर से आए छात्र कमरे में हैं। | (ii) सर्वनाम पदबंध |
| (ग) काले बालों वाली लड़की को यहाँ बुलाओ। | (iii) संज्ञा पदबंध |
| (घ) फूलों पर तितलियाँ मँडरा रही हैं। | (iv) विशेषण पदबंध |
| (ङ) दूसरों की मदद करने वाला वह हमेशा शांत रहता है। | (v) संज्ञा पदबंध |
| (च) बुढ़िया ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाती हुई चली गई। | (vi) क्रिया पदबंध |
| (छ) उस पुराने मकान का मालिक चला बसा। | (vii) विशेषण पदबंध |